# “ भिवानी गौरव सम्मान” - 2019



## श्री मंगत राम शर्मा
**(भिवानी - तमिलनाडु )**

### चौधरी बंसी लाल भिवानी गौरव सम्मान
### (लोक प्रशासन एवं ग्राम विकास)

खेल, साहित्य ,राजनीति,संगीत,कला के क्षेत्रों के साथ -साथ ग्राम विकास और लोक प्रशासन जैसे अनेक क्षेत्रो में भिवानी की छवि देखी जा सकती है । मौलिक विचार, असाधारण प्रतिभा, स्पष्ट वक्ता, कुशल संगठनकर्ता, प्रशासनिक क्षेत्र में सशक्त भागीदारी का दूसरा नाम है भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी श्री मंगत राम शर्मा । आपको उच्च प्रशासनिक सेवा में 27 साल का अनुभव है ।

NIT, कुरुक्षेत्र से B.E मैकेनिकल इंजीनियरिंग की शिक्षा पूर्ण करने के बाद आप 1992 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए। तमिलनाडु में विभिन्न जिलों में उपजिलाधिकारी / अपर कलेक्टर / कलेक्टर के रूप में कार्य किया। संघीय सरकार - राज्य तमिलनाडु में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास, वाणिज्यिक कर, वाणिज्य विभाग जैसे कई विभागों में भी कार्य किया। कामर्स और इंडस्ट्री मंत्रालय के अधीन टी बोर्ड-लंदन में निदेशक के रूप में भी कार्य किया। राज्य ऊर्जा निगम के सीएमडी के रूप में नवीकरण ऊर्जा क्षेत्र में भी काम किया। इससे पहले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग तमिलनाडु के प्रधान सचिव के रूप में कार्य किया  तथा सिडको के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में अपने कार्य का निर्वाहन किया । एस.एम. ई.  न केवल बड़े रोजगार प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिकीकरण में भी मदद करते हैं।

आपने श्रम और रोजगार विभाग में सरकार के प्रधान सचिव के रूप में श्रम सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की । उद्योग को कुशल श्रमशक्ति प्रदान करने के लिए कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा को आगे बढ़ाने पर बल दिया ।

सम्प्रति  आप उच्च शिक्षा विभाग, तमिलनाडु के प्रमुख सचिव के रूप में कार्यरत हैं और विश्वविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा, कॉलेजिएट शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी केंद्र, अभिलेखागार, उच्च शिक्षा मंत्रालय, साइंस सिटी और रूसा योजनाएं की गतिविधियों का संचालन करते हैं।

भिवानी परिवार मैत्री संघ आपको चौधरी बंसीलाल भिवानी गौरव सम्मान से अलंकृत कर अनुगृहित हुआ ।



## श्री अशोक शर्मा
**(भिवानी)**

### बाबू बनारसी दास गुप्त भिवानी गौरव सम्मान
### (पत्रकारिता)

देश दुनिया की जानकारी प्रदान करने में मीडिया की महती भूमिका है| आज के युग में प्रिंट और इलैक्ट्रोनिक मीडिया ,दोनों ही जन-जन तक पहुंचने के सशक्त माध्यम हैं | पत्रकारिता के क्षेत्र में भिवानी का नाम रोशन किया है भिवानी के श्री अशोक शर्मा ने | आपक जन्म 9 अगस्त 1954 को हुआ ।

आप सन 1975 से प्रेस छायाकार हैं । प्रिंट मीडिया में प्रेस छायाकार की सशक्त भूमिका होती है। विभिन्न समाचार सचित्र प्रकाशित होने पर ही रोचकता तथा उत्सुकता पैदा करते हैं । आपको फोटोग्राफी विरासत में मिली है । गत 50 वर्षों से आप व्यवसायिक फोटोग्राफर हैं । रण जय भारत सैक्यूलर न्यूज पेपर यमुनानगर, हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रेस फोटोग्राफर हैं। आपने दैनिक जागरण के लिये लगभग 25 वर्षो तक प्रेस फोटोग्राफी की है । आप डी.पी.आर.ओ. तथा जिला प्रशासन भिवानी के लिये भी प्रेस फोटोग्राफी कर चुके हैं। आपको अनेक सामाजिक संगठनों, धार्मिक कार्यक्रमो, राजनैतिक दलों, शिक्षण संस्थाओं के उत्कृष्ट उत्सवों में फोटोग्राफी का विशेष अनुभव है ।

समय - समय पर आपको अनेक सम्मानों से नवाजा गया है । आप देवव्रत वशिष्ठ स्मृति सम्मान, हरियाणवी काव्य अकादमी सम्मान, राजराही पत्रकारिता लाइफ टाइम अचीवमैंट सम्मान, सर्वखाप महापंचायत भिवानी के बेटी बचाओ - बेटी पढाओ मीडिया सम्मान, सांस्कृतिक मंच प्रेस फोटोग्राफर सम्मान से सम्मानित हो चुके हैं। विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सक्रिय भूमिका रही है। आप हरियाणा फोटोग्राफर संघ के संरक्षक सदस्य, भिवानी फोटोग्राफर संघ के प्रधान हैं । हरियाणा यूनियन आफ जर्नेलिस्ट तथा भिवानी जर्नेलिस्ट क्लब के आप सदस्य हैं। रेड्क्रास संस्थान के आप आजीवन सदस्य हैं। अनेक फोटोग्राफी क्लब के आप इंचार्ज भी हैं । सम्प्रति आप भिवानी में प्रेस छायाकार के रूप में कार्यरत हैं ।

भिवानी परिवार मैत्री संघ आपको बाबू बनारसी दास गुप्त भिवानी गौरव सम्मान से अलंकृत कर अनुगृहित हुआ ।



## डा. बुद्धदेव आर्य
**(भिवानी )**

### राम कृष्ण गुप्ता भिवानी गौरव सम्मान
### (शिक्षा)

शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार में डा. बुद्धदेव आर्य का नाम बड़े ही आदर से लिया जाता है। जिला भिवानी के प्रतिष्ठित विद्वान डा. बुद्धदेव आर्य किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं । आपका जन्म 10 दिसम्बर, 1955 को पिता श्री भरत सिंह शास्त्री तथा माता श्रीमती सावित्री देवी के घर हुआ । गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार से आपने सन 1975 में विद्यालंकार की उपाधि प्राप्त की । आप कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एम.ए. तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से एम.फिल. तथा एच. पी. विश्वविद्यालय, शिमला से पी.एच.डी. हैं।

“अनुभूति के स्वर” नाम से काव्य संग्रह और “ आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के साहित्य में मानव मूल्य” विषय पर समीक्षा प्रकाशित हो चुकी है । आप वैश्य पी.जी. महाविद्यालय के प्राचार्य रह चुके हैं। इसके साथ साथ भवानी, संकल्प, साहित्य संदीपनी, सांस्कृतिक मंच इत्यादि प्रतिष्ठित पत्रिकाओं का सम्पादन कर चुके हैं । आप अनेक

संस्थाओं के संस्थापक और आजीवन सदस्य हैं जिनमें सांस्कृतिक मंच, भारतीय हिंदी परिषद, हिंदी साहित्य सम्मेलन, नागरी लिपि परिषद, कन्या गुरुकुल पंचगांव, राष्ट्रभाषा परिषद, रोटरी क्लब प्रमुख हैं।

आपको हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग के विद्या वाचस्पति सम्मान, विद्या वागीश सम्मान और साहित्य महामहोपाध्याय सम्मानोपाधि से नवाजा गया है । विभिन्न संस्थाओं द्वारा आपको सारस्वत सम्मान, वाड्गमय मधुपर्क, शाश्वतामृत, हिंदी भाषा सेवी, सारस्वत संस्तवन, साहित्याराधन, भाषा भूषण इत्यादि अनेक सम्मानों से अलंकृत किया गया है । समय समय पर आकाशवाणी पर विभिन्न परिचर्चाओं में आप शामिल होते रहे हैं ।विभिन्न राष्ट्रीय पत्रिकाओं में आपके 62 शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं । आप राष्ट्रीय संगोष्ठियों और सेमीनारों मे शिरकत कर चुके हैं । आपके संयोजन में भिवानी में दो बार राष्ट्रीय विद्वत सम्मेलनों का आयोजन हुआ जिसमें सैंकड़ो विद्वानों ने भाग लिया । कला, साहित्य और संस्कृति के क्षेत्र में 29 वर्षों से गतिशील संस्था सांस्कृतिक मंच के आप्क संस्थापक अध्यक्ष हैं ।

आपके शोध निर्देशन में 16 छात्र पी.एच.डी. तथा 59 छात्र एम.फिल. कर चुके हैं । आप आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मलेशिया, हाँगकांग, श्रीलंका, इटली, जर्मनी इत्यादि अनेक देशों की यात्रा कर चुके हैं ।

भिवानी परिवार मैत्री संघ आपको श्री राम कृष्ण गुप्ता भिवानी गौरव सम्मान से अलंकृत कर अनुगृहित हुआ।



## श्री आनंद प्रकाश आर्टिस्ट
**( भिवानी )**

### पंडित माधव मिश्र भिवानी गौरव सम्मान (साहित्य)

साहित्य के क्षेत्र में अनेक विभूतियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भिवानी जिले को गौरवान्वित किया है । साहित्य की विभिन्न विधाओं में पारंगत श्री आनंद प्रकाश आर्टिस्ट एक ऐसी ही शख्सियत हैं। आपका जन्म 15 अगस्त, 1963 को पिता श्री जयलाल और माता श्रीमती मनभरी देवी के घर गांव झोझू कलां में हुआ। आपने एम.ए., एम.एड., एम.फिल की शिक्षा प्राप्त की ।

गत 35 वर्षों से आप शिक्षण, स्वतंत्र लेखन, पत्रकारिता, अभिनय व आकाशवाणी प्रसारणों से सक्रिय रूप में जुडे हैं। सन 1990 से फिल्म लेखक संघ मुम्बई के नियमित सदस्य हैं। आप आकाशवाणी द्वारा "बी. हाई. ग्रेड" में अनुमोदित ड्रामा आर्टिस्ट हैं । आपके लेखन-निर्देशन में कई आडियो-वीडियो कैसेट और सी.डी. अल्बम आ चुके हैं। आपने हरियाणवी फीचर फिल्म "माटी करे पुकार" में अभिनय भी किया है। आपने बेटी बचाओ, बेटी पढाओ विषय पर लघु फिल्म "ताई की तकरार" का लेखन और निर्देशन भी किया है। व्यक्तित्व और कृतित्व पर विभिन्न विश्वविद्यालयों में आपके लघु शोध प्रबन्ध एवं शोध पत्र स्वीकृत हो चुके हैं । आप अनेक साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थानों से जुड़े हैं। भिवानी में सहयोगी आधार पर पुस्तक प्रकाशन की शुरुआत करके बहुत से नवोदितों को लेखन एवं प्रकाशन के लिये प्रेरित करने का श्रेय प्राप्त है ।आपको हरियाणा रेडियो एंड फिल्म आर्टिस्ट एसोसिएशन भिवानी के मुख्य संरक्षक के तौर पर बहुत से लेखकों, कलाकारों और श्रोताओं को रेडियो से जोड़ने का श्रेय प्राप्त है । आपका कन्या भ्रूणहत्या के विरुद्ध जन चेतना अभियान में विशेष योगदान रहा है। हरियाणा के तत्कालीन राज्यपाल और भारत की तत्कालीन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल ने आपके प्रयासो की प्रशंसा की है।

रेडियो पत्रकारिता, कितने पास कितने दूर, दस्तक, आजादी के आंसू, खोया हुआ विश्वास आपकी प्रमुख प्रकाशित कृतियां हैं। साहित्यिक लेखन, पत्रकारिता, रंगमंच और समाजसेवा के लिये आपको अनेक सम्मान और मानद उपाधियां दी गयी ।

सम्प्रति आप शिक्षा विभाग हरियाणा में प्राध्यापक हिंदी का दायित्व निर्वाहन बखूबी से कर रहे हैं।

भिवानी परिवार मैत्री संघ आपको पंडित माधव मिश्र भिवानी गौरव सम्मान से अलंकृत कर अनुगृहित हुआ ।



## श्री हंसराज रल्हन
**(चांग - दिल्ली )**

### पंडित गोपाल कृष्ण भिवानी गौरव सम्मान (संगीत)

भिवानी जिले के लोगों ने लगभग हर क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अद्वितीय पहचान बनाई है । लोक संगीत के क्षितिज पर एक चमकते सितारे के रूप में विद्यमान हैं श्री हंसराज रल्हन । आपका जन्म 10 दिसम्बर, 1961 को भिवानी में श्री दीतू राम रल्हन और श्रीमती कौशल्या देवी के घर हुआ । आप मूलतः चांग गांव के निवासी हैं । आपके परिवार की पृष्ठभूमि किसान परिवार की है । आप की प्रारम्भिक शिक्षा चांग गांव में ही हुई । उसके पश्चात आपने रेडियो मैकेनिक का कोर्स किया । संगीत के प्रति असाधारण लगाव के कारण सन 1982 में आपने मैना म्यूजिक कम्पनी की स्थापना की । आपने गीत - संगीत के माध्यम से हरियाणवी भाषा को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अग्रणीय भूमिका निभाई है । आज सोनेटेक, चंदा, राठौर, त्रिमूर्ति, वेव म्यूजिक, लोकधुन, चेतक इत्यादि ब्रांडस आपके स्वामित्व में हैं । हरियाणवी के साथ - साथ भोजपुरी, राजस्थानी, पंजाबी तथा मध्य प्रदेश के लोक गीत भी आपके माध्यम से उपलब्ध हैं। लगभग पचास हजार लोकगीतों का संग्रह और कापीराइट आपके पास है । लोकगीत, भजन, धार्मिक गीत, फिल्म निर्माण में आपको महारथ हासिल है । दरियागंज में आपके पांच स्टुडियो हैं जहां एक साथ पांच रेकार्डिंग सम्भव हैं । आपको दुबई के प्रतिष्ठित एशिया म्यूजिक कम्पनी के सम्मान से नवाजा जा चुका है । सोशल मीडिया चैनल यू-ट्यूब पर एक करोड़ से ज्यादा फोलोअर होने के कारण आपके तीन चैनलों को डायमंड बटन से अलंकृत किया

गया है। संगीत की दुनिया में समस्त भारत में यू-ट्यूब के छः डायमंड बटन में से तीन आपके पास हैं । आपने अनेक कलाकारों को उचित प्लेटफार्म देकर इंडस्ट्री में स्थापित किया है जिसमें रणबीर, राजेंद्र, बाली शर्मा, कर्मपाल, विजय वर्मा, मंजू शर्मा, सपना चौधरी जैसे प्रमुख कलाकार भी शामिल हैं। आपका व्यक्तित्व मृदुभाषी और मिलनसार है।

सम्प्रति आप सोनोटेक कैसेट के चेयरमैन का दायित्व निर्वाहन कर रहे हैं।

भिवानी परिवार मैत्री संघ आपको पंडित गोपाल कृष्ण भिवानी गौरव सम्मान से अलंकृत कर अनुगृहित हुआ ।



## श्री महावीर सिंह फोगाट

**(भिवानी)**

## श्री सुरजीत सिंह भिवानी गौरव सम्मान
## (खेल)

खेल की दुनिया में हिंदुस्तान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक विशेष पहचान दिलाने में जिला भिवानी का नाम विशेष योगदान रहा है । खेलों की इस बगिया को बहुत से बागबाओं ने अपनी कड़ी मेहनत और अथक प्रयत्नों से सिंचित किया है । महिला कुश्ती की नर्सरी को संवारा है श्री महावीर सिंह फोगाट जी ने ।

आपका निवास गांव बलाली, चरखी दादरी में है । आप श्रीमती दया शोभा कौर के साथ दाम्पत्य बंधन में बंधे । आपकी 4 बेटियाँ - गीता, बबीता, रितु और संगीता हैं। विनेश और प्रियंका आपकी भतीजियां हैं । सभी छह फोगाट बहनों को आपने कुश्ती में प्रशिक्षित किया जो कि पुरुषों के वर्चस्व का खेल माना जाता रहा है । ये राह इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपके जज्बे ने गांव बलाली को दुनिया के मानचित्र में प्रतिष्ठापूर्वक स्थान दिलाया है ।

महावीर सिंह फोगाट एक ट्रेनर और फोगाट बहनों के पिता, एक शौकिया भारतीय पहलवान, एक वरिष्ठ ओलंपिक कोच और राजनीतिज्ञ हैं। देश विदेश में कीर्तिमान स्थापित करने वाली आमिर खान अभिनीत फिल्म " दंगल" आपके जीवन पर आधारित है।

आपको सन 2016 में भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया । आप गीता फोगाट के पिता और कोच हैं, जिसने 2010 राष्ट्रमंडल खेलों में 55 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में महिलाओं की कुश्ती में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया था और पहली भारतीय महिला पहलवान बनी जिसने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया । दूसरी बेटी बबीता कुमारी, जिन्होंने 2012 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, और 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता। आपकी भतीजी, विनेश फोगट, भी राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और एशियाई खेलों 2018 की स्वर्ण पदक विजेता हैं । गीता, बबीता और विनेश अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, वहीं रितु ने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है और प्रियंका और संगीता ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं।

" अखाड़ा" नाम से आपकी अधिकृत जीवनी है। यह जीवनी महावीर सिंह फोगाट की अपनी बेटियों और भतीजियों के साथ हरियाणा के एक छोटे से गांव से निकलकर देश के लिए पदक जीतने की यात्रा का चित्रण करती है।

भिवानी परिवार मैत्री संघ आपको सुरजीत सिंह भिवानी गौरव सम्मान से अलंकृत कर अनुगृहित हुआ ।



## श्री सतपाल कथूरिया

**(भिवानी )**

## फकीर चंद भिवानी गौरव सम्मान
## (सेवा)

छोटी काशी के नाम से विख्यात भिवानी के लोगों में सेवा भाव की भावना सहज ही देखी जा सकती है। अपने क्षेत्र के लिये सेवा भाव से समर्पित एक ऐसी ही शख्सियत है श्री सतपाल कथूरिया । आपने भिवानी के एक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता की रूप में अपनी पहचान बनायी है । आप बाल्यकाल से ही आरएसएस के सदस्य हैं। आपने अपना पूरा जीवन गरीब, वंचित और दलित लोगों के लिए काम करने में लगा दिया।

मानव सेवा ही असल में समाज सेवा है । आपका मुख्य ध्येय सेवा भाव है । आज की आभासीय जीवन शैली की दुनिया में बहुत कम लोग ही जन साधारण की चिंता करते हैं ।समाज के आप जैसे प्रबुद्ध जनों के कारण अनेक लोगों के जीवन में सुधार आया है । वैसे तो आप अनेक सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं पर मुख्य रूप से जामपुर सेवा समिति, भिवानी और डॉ विद्यासागर धर्मार्थ अस्पताल भिवानी से सक्रिय रूप में जुड़े हैं । इन संस्थानों के माध्यम से आप चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर रहे हैं, निशुल्क दवाइयां वितरित कर रहे हैं , वस्त्र वितरित कर रहे हैं, खाद्यान्न वितरित कर रहे हैं और अन्य सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं। समाज के प्रति समर्पण और सेवा भाव के कारण अखिल भारतीय जामपुर भ्रातृ सभा ने आपको जामपुर रत्न के सम्मान से नवाजा है । भारत विकास परिषद, हरियाणा द्वारा आपको प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी सम्मानित किया गया है ।

सम्प्रति आप अनेक सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं ।

भिवानी परिवार मैत्री संघ आपको फकीर चंद भिवानी गौरव सम्मान से अलंकृत कर अनुगृहित हुआ ।



## श्री रमेश अग्रवाल

**(नलवा - दिल्ली )**

### पंडित नेकी राम शर्मा भिवानी गौरव सम्मान (राष्ट्र सेवा)

जिस समाज और देश ने हमे बहुत कुछ दिया है उसके प्रति भी हमारा कुछ दायित्व बनता है। इस उक्ति को दिल में उकेरा है रमेश अग्रवाल जी ने । आपका जन्म एक छोटे से गांव नलवा मे हुआ ।

प्रारम्भिक शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल मे प्राप्त करने के पश्चात आपने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से स्नातक किया । इसके पश्चात आपने एम.टी.आई. चेन्नै से डिप्लोमा किया । आप शुरु से ही स्वभाव से जुझारू रहे हैं। आपने अपना कैरियर 1980 में भारतीय वायु सेना में एक एयरमैन के रूप में शुरु किया । अपने आपको देश सेवा में समर्पित करने का भाव ही आपका भारतीय वायु सेना में शामिल होने का कारण रहा । अग्रवाल मूवर्स ग्रुप की यात्रा शुरु करने से पहले आपने सुनिश्चित किया कि आप राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें । रमेश अग्रवाल वह शख्सियत हैं जो न केवल राष्ट्रीय आर्थिक विकास में लाजिस्टिक और परिवहन उद्योग में योगदान दे रहे हैं, बल्कि अपने योगदान, समर्पण, नवाचार और विजन के साथ लाजिस्टिक और परिवहन उद्योग की वृद्धि सुनिश्चित करने में तत्पर हैं। आप इस बात में यकीन रखते हैं कि अर्थव्यवस्था के चक्र को चलाने में ट्रांस्पोर्टर और ड्राइवर की मुख्य भूमिका होती है । वे अर्थव्यवस्था के सैनिक होते हैं ।

आपका संस्थान " अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स " अग्रवाल मूवर्स ग्रुप की एक प्रमुख इकाई है जो अबाध गति से बढ़ रहा है । लाजिस्टिक इंडस्ट्री में आप अत्याधुनिक तरीकों यथा ट्रकिंग क्यूब, एल.ई.डी. बाक्स, परफेक्ट बाक्स जैसे नव प्रयोगो और नवाचार के माध्यम से नित नयी उंचाइयों को छू रहे हैं। आपके नेतृत्व में घरेलू सामानों का सबसे बड़ा मूवर्स होने के कारण चार बार कम्पनी को लिम्का बुक ओफ रेकार्ड्स होल्डर से समानित किया गया। आपको "बिजनेस स्फीयर अवार्ड 2005" तथा "ट्रांस्पोर्ट एंड लाजिस्टिक बिजनेस आफ दा इयर अवार्ड 2010" से नवाजा जा चुका है ।

सम्प्रति आप अग्रवाल मूवर्स ग्रुप के चेयरमैन का दायित्व निभा रहे हैं।

भिवानी परिवार मैत्री संघ आपको पंडित नेकी राम शर्मा भिवानी गौरव सम्मान से अलंकृत कर अनुगृहित हुआ ।



## श्रीमती दर्शना गुप्ता

**(भिवानी - फरीदाबाद )**

### नारायणी देवी - महावीर प्रसाद भग्गनका सम्मान (ओजस्विनी )

महिलाओं के लिये सर्वोच्च राष्ट्रीय नागरिक सम्मान 'नारी-शक्ति सम्मान ' से सम्मानित श्रीमती दर्शना गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक अद्वीतीय पहचान स्थापित की हैं । आपका जन्म 1 मार्च, 1966 को हुआ । आप नेहरु मेमोरियल कालेज, हनुमानगढ से स्नातक हैं। आप संगठन और प्रबंधन कौशल मे निपुण हैं। स्वच्छ छवि, दोस्ताना और सरल स्वभाव आपके व्यक्तित्व की विशेषता है । आपने अनेक सामाजिक परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण किया । राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक क्षेत्र में आप एक जाना माना हस्ताक्षर हैं।

आपका विवाह श्री अजय बनारसी दास गुप्ता से हुआ । आप प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य बाबू बनारसी दास गुप्ता की पुत्रवधु हैं । महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये बनारसी दास गुप्ता द्वारा स्थापित आदर्श महिला महाविद्यालय के अध्यक्ष के दायित्व का निर्वाहन बखूबी से कर रही हैं जिसमें 3500 से अधिक कन्याएं लगभग मुफ्त शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। आप बनारसी दास गुप्ता फाउंडेशन की महासचिव हैं । भारत सरकार के राष्ट्रीय जनसहयोग एवं बाल विकास संस्थान की आप सदस्य हैं। समाज कल्याण बोर्ड हरियाणा की आप सदस्य हैं। हरियाणा में वैश्य एवं अग्रवाल समुदाय के सबसे बड़े और सक्रिय संगठन हरियाणा वैश्य महासम्मेलन (महिला) की आप अध्यक्ष हैं। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन की आप राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

लाडली फाउंडेशन के साथ मिलकर 1650 गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह के आयोजन में महती भूमिका रही है । समाज के वंचित और निर्धन वर्ग के उत्थान के लिये आप सदैव तत्पर रहती हैं । आपने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी कार्य किया है। आपके मार्गदर्शन में अनेक चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। बेरोजगार युवाओं के समुचित रोजगार के लिये आप सदैव प्रयत्नशील रहती हैं। आपने स्लम क्षेत्र निवासियों के कल्याण के लिये अनेक कार्य किये । राष्ट्रीय नेत्रहीन संघ के साथ मिलकर नेत्रहीनों के कल्याण के लिये अनेक कार्य किये।

भारतीय जनता पार्टी की आप निष्ठावान कार्यकर्ता हैं ।

सम्प्रति आप अनेक सामाजिक सेवा प्रकल्पों मे सक्रिय रूप में जुड़ी हैं ।

भिवानी परिवार मैत्री संघ आपको नारायणी देवी - महावीर प्रसाद भग्गनका ओजस्विनी सम्मान से अलंकृत कर अनुग्रहित हुआ ।